मासिक घटनाक्रम संग्रह

जून 2019

सबसे शक्तिशाली आदमी

तमसो मा ज्योतिर्गमय
हिन्दवंशी
HINDVANSHI
HindvanshiEducation.com

- श्रीलंका ने भारत और जापान के साथ कोलंबो बंदरगाह पर ईस्ट कंटेनर टर्मिनल विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

- इसरो के पूर्व प्रमुख के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय को सौंप दी।

  रिपोर्ट के द्वारा पाठ्यक्रम में भारतीय शिक्षा प्रणाली को शामिल करने, राष्ट्रीय शिक्षा आयोग का गठन और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने पर रोक लगाने की सिफारिश की गई है।

- यूनिसेफ द्वारा जारी ‘स्वच्छ भारत मिशन के पर्यावरणीय प्रभाव’ नामक रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्वच्छ भारत मिशन से भूजल प्रदूषण में कमी आई है।

- लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

  विश्व पर्यावरण दिवस 2019 का विषय- ‘वायु प्रदूषण’ है।

- भारतीय उद्योग परिसंघ (Confederation of Indian Industry- CII) ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत बजट की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए राजकोषीय प्रदर्शन सूचकांक (Fiscal Performance Index) पेश किया है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 3 जून से 7 जून तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2019 का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बन जाने पर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा।

  वित्तीय साक्षरता सप्ताह-2019 का मुख्य विषय "किसान" है।

  वित्तीय साक्षरता सप्ताह भारतीय रिज़र्व बैंक की एक ऐसी पहल है जिसमें प्रति वर्ष केंद्रीकृत अभियान के माध्यम से प्रमुख विषयों पर जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है।

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ प्रौद्योगिकी सहायता के लिए साझेदारी की है।

  इस साझेदारी का मकसद देश की हवाई यातायात सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं विकास के लिए विस्तृत रुपरेखा तैयार करना है।

हिन्दवी

- विकलांगता शिखर सम्मेलन के द्वितीय संस्करण का आयोजन जून, 2019 में अर्जेंटीना गणराज्य के ब्यूनस आयर्स शहर में किया जा रहा है।

  वर्ष 2018 में प्रथम 'वैश्विक विकलांगता शिखर सम्मेलन' का आयोजन लंदन में किया गया था।

  इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से सरकारों, विकलांग लोगों के संगठनों, नागरिक समाज संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसियों, शिक्षा और निजी क्षेत्र इत्यादि के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयत्न किया जाता है।

- नौकरशाहों को ट्रेनिंग देने वाली भारतीय संस्था नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस (NCGG) और मालदीव सिविल सेवा आयोग के बीच अगले पांच साल के दौरान एक हजार नौकरशाहों के क्षमता निर्माण के लिए ट्रेनिंग देने का समझौता हुआ है।

- 7 जून 2019 को पहला विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (World Food Safety Day) मनाया गया।

  इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के लिए जागरूकता पैदा करना और खाद्य जनित बीमारियों के कारण होने वाली मौतों को कम करना है।

  2019 के विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का विषय (Food Safety, Everyone's Business) है।

- स्वीडन की 16 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को वैश्विक स्तर पर बढ़ते तापमान के संकट पर दुनियाभर में लोगों के बीच जागरुकता पैदा करने के लिए एमनेस्टी इंटरनेशनल के अंबेसेडर ऑफ कंसाइंस (ambassador of conscience) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-2019 के मौके पर प्रदेश में तंबाकू निषेध के क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है।

- देश की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को विदेशी नागरिकों को दिए जाने वाले मेक्सिको के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द एजटेक ईगल' (Order of the Aztec Eagle) से नवाजा गया है।

  प्रतिभा पाटिल यह सम्मान पाने वाली देश की पहली महिला राष्ट्रपति हैं।

  यह पुरस्कार मानवता के लिए अच्छे कार्य तथा मेक्सिको और अन्य देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के लिए दिए गए अहम योगदान के लिए दिया जाता है।

- अमेरिकी उद्योग संगठन यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (USIBC) के द्वारा गूगल के सीईओ सुंदर पिचई और नैसडाक की प्रेसिडेंट एडीना फ्रीडमन को इस साल के ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड के लिए चुना गया है।

हिन्दवंशी

टेक्नोलॉजी आधारित अग्रणी प्लेटफॉर्म के रूप में दोनों कंपनियों के योगदान को देखते हुए इस पुरस्कार के लिए इनका चुनाव किया गया है।

इंडिया आइडियाज समिट के दौरान दिया जाने वाला यह पुरस्कार अमेरिका और भारत की उन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को दिया जाता है, जो अमेरिका-भारत व्यापारिक क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।

- भारतीय महालेखा नियंत्रक एवं परीक्षक (CAG) राजीव महर्षि को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) में बाहरी लेखा-परीक्षक के तौर पर चुना गया है।

  बाहरी लेखा-परीक्षक के तौर पर उनका कार्यकाल 2020 से 2023 तक रहेगा।

  इससे पहले मार्च 2019 में राजीव महर्षि को खाद्य एवं कृषि संगठन का बाहरी लेखा परीक्षक चुना गया था।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान आर्डर ऑफ़ दी रूल ऑफ़ इज़्ज़ुद्दीन से सम्मानित किया जाएगा।

  नरेंद्र मोदी को यह सम्मान दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ करने के लिए दिया जा रहा है।

- सेव द चिल्ड्रेन नामक गैर सरकारी संस्था ने ग्लोबल चाइल्डहुड रिपोर्ट (Global Childhood Report) जारी की है जिसका उद्देश्य संपूर्ण विश्व में बच्चों के लिए सुरक्षित और भय-मुक्त वातावरण का निर्माण कर उनके बाल-अधिकारों की रक्षा करना है।

  ग्लोबल चाइल्डहुड रिपोर्ट के अनुसार 176 देशों की सूची में भारत 113वें स्थान पर रहा।

  ग्लोबल चाइल्डहुड रिपोर्ट विभिन्न देशों के बच्चों और किशोरों (0-19 वर्ष) की स्थिति का मूल्यांकन आठ संकेतकों पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर, कुपोषण, अशिक्षा, बाल श्रम, बाल विवाह, किशोर अवस्था में बच्चों का जन्म, बाल हत्या एवं विस्थापन के आधार पर करती है।

- यूनिसेफ द्वारा बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को डैनी काये मानवाधिकार पुरस्कार के लिए चुना गया है।

  यह पुरस्कार यूनिसेफ की ओर से मानवता की भलाई के लिए काम करने वाले लोगों को प्रदान किया जाता है।

- बाल मजदूरी के प्रति विरोध एवं जगरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है।

  विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2019 का विषय 'बच्चों को फील्ड में नहीं सपनों पर काम करना चाहिए' (Children shouldn’t work in fields, but on dreams) रखा गया है।

हिन्दवंशी

- भारतीय वायुसेना ने इजराइल से 100 स्पाइस बम खरीद को लेकर समझौता किया है।

- भारतीय मूल की अनिता भाटिया को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महिला उप कार्यकारी निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है।

- भारत के पहले डायनासोर म्यूजियम का उद्घाटन गुजरात के महिसागर जिले के रायोली में किया गया।

- मेक्सिको में होने वाले 33वें गुआदालाजारा अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में भारत को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है।

- FSSAI ने राज्यों द्वारा सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के प्रयासों के संदर्भ में पहला 'राज्य खाद्य सुरक्षा इंडेक्स' विकसित किया है।

  इस इंडेक्स के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के पांच मानदंडों मानव संसाधन और संस्थागत प्रबंधन, कार्यान्वयन, खाद्य जांच अवसंरचना और निगरानी, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण तथा उपभोक्ता सशक्तिकरण के आधार पर राज्यों का प्रदर्शन आंका जाएगा।

- भारत और पुर्तगाल मिलकर गुजरात के लोथल में 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत संग्रहालय' (National Maritime Heritage Museum) की स्थापना करेंगे।

  यह संग्रहालय भारत की अंतर्देशीय जलमार्ग और जल मार्ग से व्यापार की विरासत को प्रदर्शित करेगा।

- फ्राँस के राफेल नडाल ने ऑस्ट्रिया के डॉमिनिक थिएम को हराकर रिकॉर्ड 12वीं बार फ्रेंच ओपन टेनिस का पुरुष एकल खिताब जीत लिया।

  ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने फ्रेंच ओपन टेनिस का महिला एकल का खिताब जीता।

- एम्स्टर्डम स्थित लोकेशन टेक्नोलॉजी कंपनी टॉमटॉम (TomTom) द्वारा ट्रैफिक इंडेक्स 2018 जारी किया गया।

  इंडेक्स के अनुसार मुम्बई विश्व का सबसे अधिक ट्रैफिक वाला शहर जबकि दिल्ली विश्व का चौथा सबसे अधिक ट्रैफिक वाला शहर है।

- किम्बर्ले प्रक्रिया की अंतरसत्रीय बैठक का आयोजन जून में मुंबई में किया जा रहा है।

हिन्दवंशी

बैठक में भारत तथा सदस्य देशों के करीब 300 प्रतिनिधियों के अलावा उद्योग जगत और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

किम्बर्ले प्रक्रिया हीरे के दुरुपयोग को रोकने के लिए देशों, उद्योगों और नागरिक समाज की संयुक्त पहल है।

- आईसीसी विश्व कप 2019 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में पहली ही गेंद पर विकेट लेने के साथ विजय शंकर विश्व कप डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए हैं ।

  विजय शंकर से पहले बरमुडा के एमुलेट्स मलाची और ऑस्ट्रेलिया के इयान हार्वे ये कारनामा कर चुके हैं।

- अंतरिक्ष में भारत का पहला युद्धाभ्यास इंडस्पेसएक्स (‘IndSpaceEx’) जुलाई में किया जाएगा।

  यह अभ्यास व्यापक रूप से टेबल-टॉप वार गेम पर आधारित होगा जिसमें भारतीय सेना और वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे।

- संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन द्वारा जारी 'विश्व निवेश रिपोर्ट' 2019 के अनुसार भारत 2017-18 के दौरान एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष 20 देशों में शामिल रहा।

  भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2018 में 6 फीसदी बढ़कर 42 अरब डॉलर पहुंच गया।

- एटीएम पर लगने वाले शुल्क पर गौर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने इंडियन बैंक एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वी जी कन्नन की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

- मानव विज्ञान में नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाइन की याद में 14 जून को दुनियाभर में विश्व रक्तदान दिवस का आयोजन किया जाता है।

  इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना और सुरक्षित रक्तदान करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करना है।

  विश्व रक्तदान दिवस 2019 का विषय 'सबके लिए सुरक्षित रक्त' (Safe blood for all) है।

- किर्गिज़स्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का 19वाँ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।

- भारत के स्कूलों में बच्चों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने वाली बेंगलुरू की गैर सरकारी संस्था अक्षय पात्र फाउंडेशन को 'बीबीसी वर्ल्ड सर्विस ग्लोबल चैंपियनशिप' अवार्ड प्रदान किया गया है।

हिन्दवंशी

यह पुरस्कार उस संस्था या व्यक्ति को दिया जाता है जो दुनिया में खाद्यान्न उगाने, उसे तैयार करने और बेहतर ढंग से इस्तेमाल में लाने के लिए बेहतर काम करता है।

- बिहार में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना शुरु की गई है।

  यह योजना सभी वृद्धजनों पर सार्वभौमिक रूप से (चाहे वे किसी भी आर्थिक, सामाजिक एवं जातिगत स्तर पर हों) लागू होगी।

  इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक पुरुष एवं महिला को प्रतिमाह 400 रुपए तथा 80 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक पुरुष एवं महिला को 500 रुपए प्रतिमाह पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी।

- प्रत्येक वर्ष 17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस (World Day to Combat Desertification and Drought) का आयोजन किया जाता है।

  वर्ष 2019 के विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस का विषय 'लेट्स ग्रो द फ़्यूचर टुगेदर' (Let's Grow the Future Together) है।

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन' (UNCCD) के 14वें सत्र (COP-14) 2019 का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा।

- इंग्लैंड के कप्तान ऑइन मॉर्गन ने एक वनडे पारी में सबसे ज़्यादा छक्कों का रोहित शर्मा, क्रिस गेल और एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

  इयोन मोर्गन ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में 17 छक्के लगाकर रोहित शर्मा, एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के 16 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

- नेपाल ने मंदारिन सिखाये जाने को काठमांडू में अनिवार्य कर दिया है।

  नेपाल में मंदारिन पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन का भुगतान चीन की सरकार करेगी।

- राजस्थान की सुमन राव ने फेमिना मिस इंडिया 2019 का खिताब जीता है।

- प्रतिवर्ष 20 जून को विस्थापित लोगों के साहस, शक्ति और संकल्प को प्रतिष्ठित करने और उनकी समस्याओं को समझने के लिए विश्व शरणार्थी दिवस' मनाया जाता है।

हिन्दवंशी

इस वर्ष इस दिवस का विषय ‘एक कदम शरणार्थियों के साथ – विश्व शरणार्थी दिवस पर एक कदम बढ़ाएं’ (Step With Refugees — Take A Step on World Refugee Day) है।

- 'ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस' द्वारा जारी वैश्विक शांति सूचकांक (ग्लोबल पीस इंडेक्स) 2019 के अनुसार भारत गत वर्ष की 136वीं रैंकिंग के मुकाबले इस वर्ष 141वें स्थान पर है।

  इस सूची के अनुसार आइसलैंड सबसे शांत देश जबकि अफगानिस्तान सबसे अशांत देश है।

  वैश्विक शांति सूचकांक का आकलन तीन प्रमुख शर्तों सामाजिक सुरक्षा के स्तर के आधार पर, देशों में होने वाले आंतरिक एवं बाह्य संघर्ष के आधार पर तथा सैन्यीकरण की सीमा के आधार पर किया जाता है।

- भारत और म्यांमार की सेनाओं ने मणिपुर, नगालैंड और असम में सक्रिय विभिन्न उग्रवादी समूहों के शिविरों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सनराइज-2 शुरू किया।

- महेश मंगांवकर और जोशना चिनप्पा ने 76वीं सीनियर राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीता।

  जोशना चिनप्पा ने रेकॉर्ड 17वां राष्ट्रीय स्क्वैश खिताब जीतकर भुवनेश्वरी कुमारी के 16 राष्ट्रीय खिताब जीतने के 27 वर्ष पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

- वर्ल्ड फूड इंडिया का दूसरा संस्करण नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन और राजपथ प्रांगण में नवंबर 2019 में आयोजित किया जाएगा।

  वर्ल्ड फ़ूड इंडिया देश की खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के वैश्विक व घरेलू हितधारकों का सबसे बड़ा सम्मेलन है।

  वर्ल्ड फूड इंडिया 2019 का विषय ‘विकास के लिए साझेदारी’ होगा।

- ईरान ने अमेरिका के जासूसी ड्रोन को सामरिक रूप से अहम हॉर्मूज जलडमरूमध्य में मार गिराया।

- 21 जून 2019 को पूरे विश्व मे पांचवां "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाया जाएगा।

  इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'क्लाइमेट एक्शन' है।

  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची में पांचवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में 40 हजार लोगों के साथ योग किया।

हिन्दवंशी

- बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की आत्मकथा “Lessons Life Taught Me Unknowingly” को लॉन्च किया जाएगा।

- नीति आयोग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और विश्वबैंक के तकनीकी सहयोग से 'स्वस्थ्य राज्य प्रगतिशील भारत' रिपोर्ट का दूसरा संस्करण जारी किया।

  इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य संबंधी परिणामों या पैमानों के साथ-साथ समग्र प्रदर्शन में हुए वार्षिक वृद्धिशील बदलाव के आधार पर राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग की जाती है।

- ब्रिटेन में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए Birth Strike आंदोलन आरंभ किया गया है।

  लंदन में रहने वाली ब्लाइथे पेपीनो ने 2018 में ‘बर्थस्ट्राइक’ ग्रुप का गठन किया था।

  इस ग्रुप की महिलाओं के द्वारा जलवायु परिवर्तन के विरोध में बच्चे नहीं पैदा करने का ऐलान किया गया है।

- मीडिया और प्रसारण उद्योग से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए कंबोडिया में 16 वें एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन 2019 का आयोजन किया गया।

  इस शिखर सम्मेलन का विषय ‘मीडिया डिजिटलाइजेशन फोकसिंग ऑन डेवलपिंग मार्केट्स’ (Media Digitalization Focusing on Developing Markets) था।

- भारतीय वायुसेना ने बालाकोट एयर स्ट्राइक अभियान को गोपनीय रखने के लिए इसे ‘ऑपरेशन बंदर’ नाम दिया था।

- भारत को नाटो (North Atlantic Treaty Organization- NATO) सहयोगी के समान दर्जा देने के लिए अमेरिकी सीनेटरों ने हथियार निर्यात नियंत्रण अधिनियम (Arms Export Control Act-AECA) में संशोधन की मांग की है।

  AECA अमेरिकी अधिनियम है जो अमेरिकी राष्ट्रपति को प्रतिरक्षा से संबंधित सामग्रियों और सेवाओं के निर्यात पर नियंत्रण प्रदान करता है।

  नाटो सहयोगी राज्यों के समान स्थिति के लिए अमेरिका के ‘हथियार निर्यात नियंत्रण अधिनियम’ (AECA) में संशोधन आवश्यक है।

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने एक वैश्विक अभियान के तहत सभी देशों से अपने नए ऑनलाइन टूल अवेयर (AWaRe) को अपनाने का आग्रह किया है।

  इसका उद्देश्य सुरक्षित रूप से और अधिक प्रभावी ढंग से एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करने के लिए नीति-निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं का मार्गदर्शन करना है।

हिन्दवंशी

- फेसबुक ने अपनी क्रिप्टोकरेंसी लिब्रा की घोषणा की है।

  क्रिप्टोकरेंसी के रूप में लोग लिब्रा को खरीद व बेच सकेंगे तथा इसे ट्रेडिशनल करेंसी से एक्सचेंज भी कर सकेंगे।

- ब्रिटिश हेराल्ड के रीडर्स पोल-2019 में डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग को पीछे छोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे ताकतवर नेता चुना गया है।

- भारत के इंजिनियर नितेश कुमार जांगिड़ ने 'कामनवेल्थ सेक्रेटरी-जनरल इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' पुरस्कार जीता।

  उन्हें यह पुरस्कार प्रीमच्योर बच्चों को सांस लेने के लिए सस्ती डिवाइस बनाने के लिए दिया गया है जिसका नाम “सांस” रखा गया है।

- विश्वभर में 26 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निषेध दिवस मनाया गया।

  यह दिवस नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एक अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

  अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निषेध दिवस 2019 का विषय ‘न्याय के लिए स्वास्थ्य, स्वास्थ्य के लिए न्याय’ (health for justice, justice for health) है।

- भारत ने अफ्रीकी यूनियन का शिखर सम्मेलन आयोजित कराने के लिए नाइजर को 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान दिया।

  नाइजर पहली बार अफ्रीकी यूनियन के शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

  यह सम्मेलन जुलाई में नाइजर की राजधानी नियामी में होगा।

- श्रीलंका का पहला उपग्रह रावन-1 अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।

- गुजरात के स्वामी राजर्षि मुनि, इटली की एंटोनिएटा रोजी, मुंगेर स्थित बिहार स्कूल ऑफ योगा, और जापान के जापान योगा निकेतन को योग को प्रोत्साहन देने और इसके विकास में असाधारण योगदान के लिए वर्ष 2019 का प्रधानमंत्री योग सम्मान प्रदान किया जाएगा।

  व्यक्तिगत राष्ट्रीय श्रेणी में गुजरात के स्वामी राजर्षि मुनि को, अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत श्रेणी में इटली की सुश्री एंटोनिएटा रोजी को, जबकि राष्ट्रीय संगठन की श्रेणी में मुंगेर स्थित बिहार स्कूल ऑफ योगा और अंतरराष्ट्रीय संगठन

हिन्दवंशी

की श्रेणी में जापान के जापान योगा निकेतन को यह पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है।

- योग गुरु बाबा रामदेव ने 5वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अपनी आत्मकथा 'माई लाइफ, माई मिशन' की घोषणा की है।

- महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं को धुंए से मुक्त रसोई का माहौल प्रदान करने के लिए “चूल्हा” नामक पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्णय लिया है।

  इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिन्हें उज्ज्वला योजना के तहत कवर नहीं किया गया है।

- सऊदी अरब 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (FATF) की पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने वाला पहला अरब देश बन गया है।

- भारत सरकार ने टीबी नियंत्रण हेतु गुणवत्तापरक उपायों में वृद्धि करने के उद्देश्य से विश्व बैंक के साथ 400 मिलियन डॉलर के एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

- अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) दिवस 27 जून को दुनिया भर में हर साल मनाया जाता है।

  MSME Day 2019 विकासशील देशों में छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों में अधिक से अधिक निवेश की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है।

- ICC ने यूनिसेफ के साथ मिलकर क्रिकेट विश्व कप 2019 में 'वनडे फॉर चिल्ड्रन कैम्पेन' के आयोजन करने का निर्णय लिया है।

  इस कैम्पेन से जमा किए गए धन को दुनियाभर में क्रिकेट खेले जाने वाले देशों में बच्चों के लिए यूनिसेफ द्वारा किए गए कार्यों को समर्थन प्रदान किया जाएगा।

- सेबी के पूर्व अध्यक्ष यूके सिन्हा की अध्यक्षता में बनाई गई एमएसएमई क्षेत्र की विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट आरबीआई के गवर्नर को सौंप दी है।

  इस समिति की स्थापना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए की गई थी।

- जापान स्थित ओसाका में G20 शिखर सम्मेलन 2019 का आयोजन किया गया।

हिन्दवंशी

- प्रोफेसर बिबेक देबरॉय की अध्यक्षता में गठित मधुमक्खी पालन विकास समिति ने प्रधान मंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

  यह भारत में मधुमक्खी पालन को आगे बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के उद्देश्य से बनाई गई थी।

HindvanshiEducation.com